# वार्षिक परीक्षा-2026
# जीव विज्ञान
# कक्षा-11

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।**

**नोट– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(ii) आवश्यकतानुसार अपने उत्तरों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए।**

**(iii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1. सही विकल्प को चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए–**

**(क) यूकैरियोटिक एककोशिकीय जीव किससे सम्बन्धित हैं–** **1**

**(a)** मोनेरा **(b)** प्रोटिस्टा
**(c)** फंचाई **(d)** बैक्टीरिया

**(ख) लीची का खाने योग्य भाग है–** **1**

**(a)** एरिल **(b)** एण्डोकार्प
**(c)** बीजपत्र **(d)** पुष्पासन

**(ग) माइटोकाण्ड्रिया शब्द किसने दिया–** **1**

**(a)** अल्टमान **(b)** बेन्डा
**(c)** डी दुवे **(d)** सी. गॉल्जी

**(घ) जिएटिन नामक हॉर्मोन प्राप्त होता है–** **1**

**(a)** गेहूँ से **(b)** मक्का से
**(c)** बाजरा से **(d)** धान से

UPBoardHub

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

2. (क) नींबू में सिट्रस कैंकर रोग उत्पन्न करने वाले रोग कारक का नाम लिखिए। **1**

(ख) मरुद्भिद् पौधों की दो विशेषताएं लिखिए। **1**

(ग) DNA से RNA निर्माण में कौन-सा एन्जाइम होता है ? **1**

(घ) श्वसन दर मापने वाले उपकरण का नाम लिखिए। **1**

(ङ) हृद निकास को परिभाषित कीजिए। **1**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न-I)

3. (क) माइकोप्लाज्मा क्या है ? **2**

(ख) हाइपैन्थोडियम पुष्पक्रम पर टिप्पणी लिखिए। **2**

(ग) समसूत्री कोशिका विभाजन का क्या अर्थ है ? **2**

(घ) "वायु श्वसन अधिक प्रभावशाली है।" इस कथन का क्या अर्थ है ? **2**

(ङ) रुधिर में $CO_2$ के परिवहन की विधियाँ बताइए। **2**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न-II)

4. (क) एनीलिडा संघ के चार प्रमुख लक्षण लिखिए। इस संघ के दो जन्तुओं के प्राणी-वैज्ञानिक नाम भी लिखिए। **3**

(ख) द्विबीजपत्री जड़ की अनुप्रस्थ काट का नामांकित चित्र बनाइए। **3**

(ग) मेंढक में गैसीय विनिमय कितने प्रकार का होता है ? **3**

(घ) प्रिओन्स क्या हैं ? इसके मुख्य लक्षण लिखिए। **3**

5. (क) गॉल्जीकाय पर टिप्पणी लिखिए। **3**

UPBoardHub

(ख) राइबोजाइम की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए। 3

(ग) सूत्री एवं अर्द्धसूत्री विभाजन में प्रमुख अंतरों को सूचीबद्ध कीजिए। 3

(घ) प्रयोग द्वारा सिद्ध कीजिए कि प्रकाश संश्लेषण क्रिया के लिए प्रकाश आवश्यक है ? 3

6. (क) इलेक्ट्रॉन परिवहन तन्त्र का वर्णन कीजिए। 3

(ख) हीमोग्लोबिन के महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख कीजिए। 3

(ग) प्लाज्मा प्रोटीन का क्या महत्व है ? 3

(घ) वृक्क के कार्यों पर कौन नियन्त्रण रखता है ? 3

# (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

7. शैवाल तथा जिम्नोस्पर्म्स के आर्थिक महत्व पर टिप्पणी लिखिए। 5

अथवा

मेंढक के पाचन तंत्र का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

8. एक सामान्य पादप कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए। पादप तथा जन्तु कोशिकाओं में अन्तर लिखिए। 2+3=5

अथवा

DNA की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए। 5

9. मानव के उत्सर्जी तंत्र का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

मानव शरीर में पायी जाने वाली दो प्रमुख अन्तः स्रावी ग्रन्थियों की स्थिति संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए। 2+3=5

◊◊◊◊◊

UPBoardHub